भीम BHIM

# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

( कार्यालय : प्रशासनिक भवन हल्दीना, तहसील – मालाखेडा, जिला – अलवर (राज.) पिन कोड़ – 301406 )
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321 Website : www.rrbmuniv.ac.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक :–रात्रभमवि/अल/शोध वि./2025/1416 दिनांक :– 26.05.2025

## विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 12.05.2025 (सोमवार) का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 12.05.2025 (सोमवार) को माननीय कुलपति महोदय प्रो. शील सिंधु पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः–

| | |
|---|---|
| 1. प्रो. शील सिंधु पाण्डेय | माननीय कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष |
| 2. डॉ. सुशील कुमार सारस्वत | कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट |
| 3. डॉ. रवि कांत शर्मा | राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट, प्राचार्य, राजकीय महा. तिजारा |
| 4. डॉ. सतीश कुमार त्रिगुनायत | राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट, शिक्षाविद् |
| 5. डॉ. राजीव सक्सेना | राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट, शिक्षाविद्(ऑनलाईन उपस्थित) |
| 6. डॉ. अरूण कुमार चर्तुवेदी | कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट (ऑनलाईन उपस्थित) |
| 7. डॉ. मुकेश शर्मा | सदस्य नामित, संयुक्त सचिव ग्रुप–4 |
| 8. श्री गोपाल कालरा | वित्त नियंत्रक/कुलसचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय सदस्यों का कुलपति महोदय द्वारा स्वागत किया गया। तदुपरान्त विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह की तैयारियों की जानकारी दी गयी। इसके पश्चात बैठक में उपस्थित प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों द्वारा निम्नलिखित सुझाव दिये गयेः–

- अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 16.04.2025 के कार्यवाही विवरण के बिन्दु संख्या 01 में लिये गये निर्णय **Bio metric attendance** के अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय भेजने के निर्णय पर डॉ. सतीश कुमार त्रिगुनायत जी ने सुझाव दिया कि पहले विश्वविद्यालय का इफ्रास्ट्रक्चर पूर्ण रूप से **develop** हो उसके बाद इसे लागू किये जाने से पहले प्रबंध मंडल के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाये।

- डॉ. सतीश कुमार त्रिगुनायत जी ने परीक्षा आयोजन के सम्बन्ध में **EPMC (Examination Planning And Monitoring Committee)** गठन किये जाने का सुझाव भी दिया।

- बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों के लिये **sitting charges** पुनः निर्धारित करने हेतु चर्चा हुई। डॉ. सुशील कुमार सारस्वत जी के सुझावानुसार तीन चिश्वविद्यालयों में प्रचलित दरों के आधार पर चर्चा करके इस सम्बन्ध में अगले बैठक में निर्णय लिया जाने का सुझाव दिया।

- बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों के लिये **Taxi Fair** एवं व्यक्तिगत वाहन की राशि रू. 10/– से बढ़ाकर राशि रू. 12/– प्रति किलोमीटर की दर तय करने का निर्णय लिया गया। यदि बैठक अवधि दो दिन की हो तब राशि रू. 250/– **Night charges** के अतिरिक्त राशि देय होगी। यह निर्णय प्रबंध बंडल की वर्तमान बैठक से लागू किया जायेगा।

- महाविद्यालयों के नये विषयों/कोर्स की सम्बद्धता हेतु गठित निरीक्षण कमेटी में सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ के अनिवार्य रूप से शामिल करने हेतु डॉ. सतीश कुमार त्रिगुनायत जी ने सुझाव दिया।

- माननीय सदस्य प्रो. सतीश कुमार त्रिगुनायत के सुझाव पर प्रबंध मंडल सदस्यों ने निर्णय करते हुये **MCQ** आधारित प्रश्नपत्रों के निर्माण हेतु अकादमिक परिषद के निर्णय को परिवर्तित करते हुए राशि रू 75/– के स्थान पर राशि रू 50/– प्रति प्रश्न पत्र तथा अधिकतम राशि रू. 5000/– निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में कुलसचिव महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

कुलपति

कुलसचिव